This question paper contains 8+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..............

**5063**

**B.Com.(बी.कॉम.)/I** **F**

Paper V—HINDI (B)

प्रश्न-पत्र V—हिंदी (ख)

(भाषिक प्रयोग एवं क्षमता, संप्रेषण-क्षमता, काव्य-संकलन, गद्य संकलन, द्रुतवाचन इत्यादि)

(प्रवेश वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. A). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB at the time of posting of awards for compilation of result.

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड वाले प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

P.T.O.

1. (क) किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 4

(*i*) राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अन्तर

(*ii*) मानक भाषा।

(ख) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

ग्रहकार्य, आर्शीवाद, राश्ट्रीय, इतिहासिक, प्रगट, विराग्य, समाजिक, टिप्पड़ी।

(ग) किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(*i*) शब्द केवल संकेत मात्र है।

(*ii*) मेरी सादरपूर्वक प्रार्थना है।

(*iii*) बगीचे में अनेकों फूल खिले हैं।

(*iv*) वह आप से आप चला गया।

2. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार लिखिए : 4

(क) संभव, चलचित्र, साप्ताहिक, रचयिता, पारिवारिक, निशांत, उपर्युक्त, अभिनव।

अथवा

एकभाषी कोश का परिचय दीजिए।

(ख) बैंकों में हिंदी के प्रयोग की उपयोगिता पर विचार कीजिए। 4

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के हिंदी-प्रतिरूप लिखिए : 4

Ad-hoc, Mortgage. Insurance. Deal, Verification, Dividend. Teller.

3. (क) अपने पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रकाशक के नाम पत्र लिखिए। 4

अथवा

दूरदर्शन पर समाचारवाचक पद हेतु स्ववृत्त तैयार कीजिए।

(ख) भेंटवार्ता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

(ग) किसी **एक** पर आलेख प्रस्तुत कीजिए : 4

(*i*) टी-20 वर्ल्ड कप-2014

(*ii*) कन्या भ्रूण हत्या

(*iii*) बच्चों, में बढ़ती 'वीडियोगेम्स' की लत।

4. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अति मलीन बृषभानु-कुमारी।
हरि स्रम-जल भीज्यों उर-अंचल तिहिं लालच न धुवावति सारी॥
अधमुख रहति अनत नहीं चितवति, ज्यों गथ हारे थकित जुवारी॥
छूटे चिकुर बदन कुम्हिलाने, ज्यौं नलिनी हिमकर की मारी।
हरि सँदेस सुनि सहज मृतक भई, एक बिरहिनि दूजे अलि जारी।
सूरदास कैसे करि जीवै, ब्रज वनिता बिन स्याम दुखारी॥

**अथवा**

प्रियतम तू मेरी हाला है मैं तेरा प्यारा प्याला।
अपने को मुझमें भरकर तू बनता है, पीने वाला;
मैं तुझको छक छलका करता, मस्त मुझे पी तू होता
एक दूसरे को हम दोनों आज परस्पर मधुशाला।

(ख) निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

वह तोड़ती पत्थर।
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन प्रिय कर्म रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार
सामने तरु मालिका अट्टालिका प्राकार।

(i) 'कर्म रत मन' का आशय लिखिए।

(ii) 'वह तोड़ती पत्थर' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

5. सूरदास की काव्यात्मक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 8

**अथवा**

रहीम के दोहों की विशेषताएँ लिखिए।

6. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) परमार्थ की उच्चतम भावना के साथ भी नागरिक जीवन में प्रवेश करने पर व्यक्ति को अविश्वास और संदेह के अनेक पैने तीरों का लक्ष्य बनना पड़ता है। नागरिक जीवन का अकारण संदेह, कर्मनिष्ठा का पंगु और उसका लक्ष्यहीन दुराव जीवन-दर्शन को भ्रांत कर देता है। इसके विपरीत ग्रामीण जीवन की पुस्तक खुली ही मिलती है।

**अथवा**

अनिल मेरा दोस्त था भी और नहीं भी। दोस्त इन अर्थों में था कि इधर मेरा सारा वक्त उसी के पास

था, उसके घर पर गुजरने लगा था और कारण चाहे जो हो, मैं इधर उसे पसंद भी करने लगा था। नहीं था इस मानी में कि हम दोनों में दोस्ती का कोई भी आधार नहीं था। वह एक दफ्तर की नौकरी में मामूली सी हैसियत पर जिन्दा रहने वाला आदमी था।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इस देश की प्रजा का अब वह सौभाग्य नहीं है। साथ ही किसी राजपुरुष का भी ऐसा सौभाग्य नहीं है, जो यहाँ की प्रजा के अकिंचन प्रेम को प्राप्त करने की परवा करे। माई लार्ड अपने शासन काल का सुन्दर से सुन्दर सचित्र इतिहास स्वयं लिखवा सकते हैं, वह प्रजा के प्रेम की क्या परवा करेंगे ? तो

भी इतना संदेश भंगड़ शिवशम्भु शर्मा अपने प्रभु तक पहुँचा देना चाहता है कि आपके द्वार पर होली खेलने की आशा करने वाले ब्राह्मण को नहीं कहा तो कभी-कभी पागल समझकर ही स्मरण कर लेना। वह अपनी गूंगी प्रजा का एक वकील है जिसके शिक्षित होकर मुँह खोलने तक आप कुछ कहना नहीं चाहते।

(*i*) पाठ व लेखक का नाम लिखिए। 2

(*ii*) लेखक ने किसकी नीतियों का विरोध किया है और कैसे ? 3

7. 'बेटों वाली विधवा' कहानी के केन्द्रीय भाव पर प्रकाश डालिए। 7

**अथवा**

'तीन अपाहिज' एकांकी में निहित व्यंग्य पर विचार कीजिए।

8. 'जिस लाहौर नइ देख्या ओ जम्याइ नइ' नाटक के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×2=8

(i) पहलवान रतन की अम्मा को घर से क्यों निकलवाना चाहता था ?

(ii) सब रतन की अम्मा को 'माई' क्यों कहते हैं ?

(iii) हिन्दुओं से बदला लेने की बात पर मौलवी पहलवान से क्या कहता है ?

(iv) नासिर पहलवान को क्यों चुप कराना चाहता है ?

(v) पहलवान मौलवी साहब को क्यों मारना चाहता है ?

**अथवा**

'दिलो-दानिश' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कुटुम्ब प्यारी के जीवन में क्या घुटन थी ?

(ii) कृपा नारायण कौन हैं और उनका व्यवसाय क्या है ?

(iii) छुन्ना बीबी की मन की पीड़ा क्या थी ?

(iv) कुदुम्ब प्यारी और छुन्ना बीबी के बीच कैसे सम्बन्ध थे ?

(v) महक को मनाने के लिए वकील साहब ने क्या तर्क दिया ?